Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**FME-05**

**FIRST YEAR HIGHER SECONDARY**
**MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2020**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5 × 1 = 5)**

1. 'मधुऋतु' – किसकी रचना है ?

   (रामधारीसिंह दिनकर, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला)

2. "जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ ?" – यहाँ 'मैं' किसको सूचित करता है ?

   (बुलबुले को, फूल को, चाँद को)

3. "वह किसी अपराधी की भाँति सिर झुकाए रिक्शे के साथ-साथ चल रहा था ।" – कौन ?

   (यात्री, असलम, मित्र)

4. 'कहना नहीं आता' – किस विधा की रचना है ?

(कहानी, कविता, निबन्ध)

5. 'धूरि' – शब्द का समानार्थी शब्द लिखें ।

(धूलि, कपड़ा, पेड़)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

पत्थर की बैंच
जिसपर रोता हुआ बच्चा
बिस्कुट कुतरते चुप हो रहा है
जिसपर एक थका युवक
अपने कुचले हुए सपनों को सहला रहा है
जिसपर हाथों से आँखें ढाँप
एक रिटायर्ड बूढ़ा भर दोपहरी सो रहा है
जिसपर वे दोनों
ज़िंदगी के सपने बुन रहे हैं

6. रोता हुआ बच्चा कैसे चुप हो गया ? **(1)**

7. रिटायर्ड बूढ़ा क्या कर रहा है ? **(1)**

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

9. सही मिलान करें : (8 × 1 = 8)

| | | |
|---|---|---|
| Cancel | – | अंतर्जाल |
| File | – | बहिर्पात |
| Internet | – | संसाधन |
| Output | – | सामाजिक |
| Public | – | कूड़ेदान |
| Resource | – | संचिका |
| Social | – | सार्वजनिक |
| Trash | – | रद्द करें |

**सूचना : 10 से 14 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।** (3 × 2 = 6)

10. 'दुख' – कहानी की हेमा क्यों रूठकर माँ के घर चली गयी ?

11. "छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
नयी व्यथा साथिन को!" – प्रेमी नई व्यथा साथिन के लिए क्या करना चाहता है ?

12. "तुम्हें कहना नहीं आता" – यहाँ 'तुम' किन-किन का प्रतिनिधि है ?

13. रेलगाड़ी में बैठकर महिला क्या कर रही थी ?

14. यात्री को लेकर रिक्शा चलाते समय असलम की परेशानी क्या थी ?

**सूचना : 15 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें ।** **(3 × 4 = 12)**

15. दोहा पढ़ें और भाव लिखें ।

    दुख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय ।

    जो सुख में सुमिरन करै, तो दुख काहे होय ।।

16. 'जुलूस' नाट्यरूपान्तर के बीरबलसिंह के ये कथन पढ़ें ।

    - "रुक जाओ ......... तुम लोगों को आगे जाने का हुक़्म नहीं है ।"
    - "यहाँ खड़े होने का भी हुक़्म नहीं है ! आप लोगों को वापस जाना पड़ेगा !"
    - "सिपाहियों, लाठी चार्ज करो ।"
    - "अब मैं क्या करूँ अहिंसा के व्रतधारियों पर डंडे बरसाना और बात है, हिंसक भीड़ का सामना करना और!"

    इन कथनों के आधार पर बीरबलसिंह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

17. जीवन-वृत्त के आधार पर जयशंकर प्रसाद के बारे में अनुच्छेद लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | जयशंकर प्रसाद |
| जन्म | : | 30 जनवरी, 1889 |
| जन्म स्थान | : | वाराणसी, उत्तर प्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : | कामायनी, झरना, आँसू, स्कंदगुप्त, छाया, कंकाल आदि । |
| विशेषताएँ | : | छायावादी कवियों में अग्रणी । साहित्य की विभिन्न विधाओं में सृजन । |
| मृत्यु | : | 14 जनवरी, 1937 |

18. "आदमी का स्वप्न ? है वह बुलबुला जल का,

    आज बनता और कल फिर फूट जाता है;"

    चाँद ऐसा क्यों कहता है ?

19. "हमारे पूर्वजों की इसी मनोवृत्ति का फल है, जो हम जगह-जगह अमराई देखते हैं ।" कौन सी मनोवृत्ति ?

सूचना : 20 से 24 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । (3 × 6 = 18)

20. असलम की मृत्युं की घटना यात्री भूल नहीं सका ।

इसके बारे में बताते हुए वह अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- असलम की बीमारी एवं मृत्यु
- पिछले दिन की घटना
- हमदर्दी का अभाव

21. आपके स्कूल के 'हिंदी मंच' का उद्घाटन होने वाला है । उद्घाटन जिलाधीश (District Collector) करेंगे । उद्घाटन समारोह की सूचना देते हुए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

22. खोमचेवाले लड़के के घर की हालत देखकर दिलीप दुखी हो गया । उसको असली दुख की पहचान हो गयी । उस दिन की दिलीप की डायरी 40–60 शब्दों में लिखें ।

23. "तो इस अपराध के लिए मुझे क्षमा कौन कर सकता है ?" छोटे भाई का मन अशांत था । वह अपने मित्र से पुरानी घटना के बारे में बात करता है । प्रस्तुत बातचीत तैयार करें ।

- खड़ब्बल खेलना
- खड़ब्बल माथे पर लगना
- बड़े भाई को दंड मिलना

24. अंग्रेज़ी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Diya : Hai Reena, how are you ?

Reena : I am fine. How was your examination ?

Diya : It was very easy.

Reena : What is your next plan ?

Diya : I would like to study 'Hindi journalism.'

Reena : Ok. Very Good

(easy – आसान, plan – योजना, journalism – पत्रकारिता)

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 25, 26 के उत्तर लिखें ।**

राजधानी में डेंगू और मलेरिया के मामलों का बढ़ना गंभीर चिंता का विषय है । ऐसे समय में जबकि कुछ राज्यों में मलेरिया विभाग समाप्त कर दिया गया है, दिल्ली में मलेरिया फैलना नि:संदेह किसी लापरवाही की ओर संकेत करता है । हर वर्ष बरसात में बीमारियों का फैलना इस बात का प्रमाण है कि इसके स्थायी निवारण के लिए गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं । स्थिति की गंभीरता का अंदाज़ा इसीसे लगाया जा सकता है कि अकेले यमुनापार के इलाके में मलेरिया के 29 मामले सामने आए हैं । हर साल सरकार इन बीमारियों की रोकथाम के लिए उपाय करने की बात कहती है, लेकिन बीमारियों पर प्रभावी तरीके से रोक नहीं लगायी जा सकी है ।

25. दिल्ली में मलेरिया का फैलना किसकी ओर संकेत करता है ? **(1)**

26. खंड का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

**सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

27. किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

- फिल्म का कथासार
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, पात्र, छायांकन
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

28. बाज़ार में एक नयी 'मॉडल कार' निकली है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- आकर्षक चार रंगों में
- ज़्यादा मैलेज
- कम दाम
- पाँच वर्ष की वारंटी

29. 'वर्तमान समाज में व्यायाम की आवश्यकता' – विषय पर स्कूल में एक संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। उसके लिए आलेख तैयार करें। (80–100 शब्दों में)

- व्यायाम का स्थान
- व्यायाम से लाभ
- स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन
- व्यायाम, जीवन का अमूल्य धन

30. ये सुर्खियाँ पढ़ें।

| |
|---|
| छात्रों में नशीली चीज़ों का अधिक उपयोग। |

| |
|---|
| नशीले पदार्थों की बिक्री : युवक गिरफ़्तार |

| |
|---|
| स्कूल के पास नशीली चीज़ें : पुलिस का जागरण |

स्कूल के पास नशीली चीज़ों के उपयोग को रोकने को पुलिस द्वारा की गयी कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सार्वजनिक सूचना अधिकारी, जिला पुलिस कार्यालय, कण्णूर के नाम प्रधान अध्यापक, जी.एच.एस.एस. कण्णूर की ओर से भेजने वाला 'सूचना अधिकार पत्र' तैयार करें।